प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

शिष्टमंडल

केन्द्र सरकार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का पक्ष रखने के लिए विभिन्न देशों में बहुदलीय शिष्टमंडल भेजने पर विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार प्रत्येक शिष्टमंडल में सत्तारूढ और विपक्षी दलों के सांसद शामिल होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने नई दिल्ली में बताया है कि संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजु ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से इस कूटनीतिक पहल पर बात की है।

तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा ने भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में देश भर तिरंगा यात्रा शुरू की है। इसी कड़ी में आज हमीरपुर में पार्टी द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। ये तिरंगा यात्रा 14 मई से शुरू हुई जो 23 मई तक चलेगी। इस यात्रा के अंतर्गत 4 जिला स्तरीय और 35 मंडल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलंपियन नीरज चोपड़ा को दोहा डायमंड लीग 2025 में 90 मीटर की दूरी को पार करने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इस उपलब्धि को उल्लेखनीय बताया और कहा कि खिलाड़ी का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन उसके अटूट समर्पण, अनुशासन और जुनून का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारत को इस सफलता पर गर्व और खुशी का अनुभव हो रहा है।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार कमजोर वर्ग के विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार इस दिशा में आगे बढ़ रही है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय विधिक अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक उत्सव अभ्युदय–2025 के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने इस अवसर पर संस्थान द्वारा की जा रही सेवाओं की सराहना भी की।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों के साथ एक बैठक कर शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंनें कहा कि शिक्षा का पाठयक्रम तैयार करते समय बच्चों का समग्र विकास बोर्ड की प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षा मंत्री ने बोर्ड की गुणवत्ता और परीक्षाओं से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता लाने के साथ उनके पाठयक्रमों में योग, सांस्कृतिक पहलूओं, भाषा ओर खेलकूद को भी पाठयक्रमों का

हिस्सा बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर बोर्ड के अध्यक्ष और उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा और सचिव डॉक्टर विशाल शर्मा सहित बोर्ड के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

स्कूल शिक्षा बोर्ड

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की बारहवीं कक्षा का परिणाम आज घोषित किया जाएगा। मार्च में ली गई परीक्षा में नियमित और स्टेट ओपन स्कूल के 93 हजार 4 सौ 94 अभ्यर्थी बैठे थे। परीक्षा का आयोजन लाहौल–स्पिति और पांगी को क्षेत्र को छोड़कर अन्य जिलों में 4 मार्च से किया गया था।

ऑपरेशन सिंदूर

आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, देश के जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। इंडियन नेवी से सेवानिवृत्त अधिकारी मदन कालटा ने सशस्त्र बलों द्वारा की गई कार्रवाई पर खुशी जताते हुए कहा––

*यह जो खुशी का माहौल पूरे देशवासियों के लिए है जैसे– जैसे दुश्मन ने हमारे उपर हमले करने शुरू किए हमारे प्रमुख 15 शहरों में तबाह करने की हिम्मत की तो हमारी सेनाओं ने जो उनपे ऐटेक किया हमने डिफेंड किया हमने ऐटेक नहीं किया अपने आप को जब बढ़ती गई तो तीन दिन में हमारी सेनाओं ने दिखा दिया कि हम सिर्फ आतंकवाद तक नहीं रूकेंगे जैसे आदेश मिलते है उस हिसाब से हम ऑडर का पालन करेंगे।*

वहीं प्रदेश के स्थानीय लोगों ने सेना की कार्रवाई पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

*जिस प्रकार से भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के नाम इन आतातियों को सबक सिखाया है हर आतंकबादी घटना को देश में युद्ध की तरह माना जाएगा और इसी की तरह इनको जबाब दिया जाएगा। सबसे पहले तो मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहुंगी जिन्होंने यह संदेश दिया कि हमें सभी जातियों से बगैरा उपर उठकर एक साथ निकलकर एक जुट होना है और अपने दुश्मन देश को यह मैसिज दिया है वह जरा सम्भल कर रहे, इंडियन आर्मी हमेशा ही प्राउड फिल करवाती है। भारतीय सेना ने हमेशा ही दिखाया है कि इनमें कितनी ताकत है, अपना दमखम दिखया कि उनमें कितना दम खम है उनके लिए दिल से सैलूट तो करना चाहूंगी।*

संयुक्त राष्ट्र–भारत अर्थव्यवस्था

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में चीन, अमरीका और यूरोपीय संघ को पीछे छोड़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव तीन प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ेगी। संयुक्त राष्ट्र की विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं की इस वर्ष के मध्य में जारी ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के घरेलू व्यय, मजबूत सरकारी निवेश और सेवा निर्यात में वृद्धि के कारण भारत की सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर्ज हुई है।

तुर्की कंपनी

तुर्की हवाई अड्डा सेवा कंपनी, सेलेबी एविएशन होल्डिंग्स के शेयरों में पिछले दो दिन में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। भारत में सेलेबी एविएशन की सहायक कंपनियों के लिए सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के फैसले के बाद शेयरों में कमी आई है। इस निर्णय से भारत में इस कंपनी का संचालन रुक गया है। इस बीच पंजाब

स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी–एलपीयू ने तुर्किए और अजरबैजान के संस्थानों के साथ सभी समझौते समाप्त कर दिए हैं।